# दक्षिण मध्य रेलवे

सेफ्टी.**387/**फ्लाई लीफ**/9(**बी)**/2024.**

## फ्लाई लीफ सं. 9(बी)/2024

ध्यान दें............**सर्व संबंधित**

## रोलिंग-इन और रोलिंग-आउट परीक्षण (आईसीएफ रोलिंग स्टॉक)

**(एसीटीएम, जिल्द II, भाग-I, पैरा संख्या 20612-20613 से उद्धरण)**

***

गाड़ी परिचालन की विश्वसनीयता और संरक्षा में सुधार हेतु रोलिंग-इन और रोलिंग-आउट परीक्षण महत्वपूर्ण है. रोलिंग-इन परीक्षण में, हॉट बॉक्स, टायर पर सपाट स्थान, ब्रेक बाइंडिंग, टूटा हुआ बोल्स्टर हैंगर, टूटा हुआ इक्वलाइजिंग स्टे रॉड, टूटा हुआ ट्रस बार हैंगर और अन्य हैंगिंग पार्ट्स, आईसीएफ कोचों में सीडीटीएस टैंक, बायो-टॉयलेट टैंक, अंडर स्लंग वाटर टैंक, एआर टैंक, स्क्रू कपलिंग जैसे सभी टैंकों की सुरक्षा और इसकी सुरक्षा व्यवस्था, सीबीसी अनकप्लिंग डिवाइस, तथा कम्पोजिट ब्रेक ब्लॉक आदि से आने वाली असामान्य और सीटी जैसी आवाज का पता लगाया जा सकता है तथा गाड़ी के रुकने के दौरान सुधारात्मक कार्रवाई की जा सकती है.

कार्यविधि और कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत अनुदेश दिनांक 25.06.2018 के टीएसओ सं. सीएचजी/ए-6 रेव-0 के अंतर्गत जारी किए गए हैं.इसका अनुपालन सख्ती से किया जाना चाहिए. आईसीएफ कोचों में रोलिंग-इन/रोलिंग-आउट जांच के दौरान जांच की जाने वाली मदें अनुलग्नक में दी गई हैं.

इसके अलावा, रेलवे बोर्ड ने संदर्भाधीन पत्र के अंतर्गत अनुदेश दिए हैं कि कोचिंग स्टॉक के रोलिंग-इन/रोलिंग-आउट परीक्षण को उचित रूप से सुदृढ़ किया जाना चाहिए. अधिकांश स्थानों पर पहले से ही एक्सल बॉक्स के विनिर्दिष्ट स्थानों पर तापमान मापने के लिए लेजर/इन्फ्रारेड आधारित तापमान सेंसर/नॉन कॉनटैक्ट थर्मो मीटर का उपयोग किया जा रहा है.

कार्यविधि की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए मंडलों द्वारा निम्नलिखित का अनुपालन किया जाना आवश्यक है:-

1. आवश्यक प्रणाली स्थापित और कार्यान्वित की जानी चाहिए ताकि सभी एक्सल बॉक्सों पर मापे गए तापमान का रिकॉर्ड रखा जा सके और आवश्यकता पड़ने पर निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहे.
2. सभी मामलों में इन्फ्रारेड/लेजर का उपयोग करके तापमान सेंसर का उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए.
3. यह सुनिश्चित करने के लिए कि तापमान सेंसर माप सही ढंग से रिकॉर्ड किए गए हैं, तापमान सेंसर में कम से कम एक रेक के लिए तापमान माप को स्टोर करने की सुविधा होनी चाहिए ताकि आगे के रिकॉर्ड के लिए पूरे माप को पीसी या हैंडहेल्ड डिवाइस पर डाउनलोड करना संभव हो सके.
4. नामित रोलिंग-इन और रोलिंग-आउट परीक्षण स्थलों/बिंदुओं के दोनों ओर अपेक्षित/रेटेड लक्स (प्रति वर्ग मीटर ल्यूमेन) के साथ उचित रोशनी व्यवस्था सुनिश्चित करें.

उपर्युक्त अनुदेशों का अक्षरशः सख्ती से अनुपालन किया जाना चाहिए.

**संलग्न : अनुलग्नक.**

**अनुलग्नक**

## रोलिंग-इन और रोलिंग-आउट परीक्षण (आईसीएफ रोलिंग स्टॉक)


**(एसीटीएम, जिल्द II, भाग-I, पैरा संख्या 20612-20613 से उद्धरण)**




**गाड़ियों की संरक्षा के लिए रोलिंग-इन और रोलिंग-आउट कर्मचारियों द्वारा निम्नलिखित मदों की जाँच की जानी चाहिए:-**



**आईसीएफ कोच: (**आईसीएफ कोच अनुरक्षण मैनुअल पैरा 107 बी**)**

| क्र.सं. | कॉम्पोनेंट | अभ्युक्तियां |
|---|---|---|
| 1 | लूज / हैंगिंग / मिसिंग पार्ट | ट्रस बार, हैंगर, इक्वलाइजिंग स्टे रॉड और इसकी संरक्षा व्यवस्था, जे-ब्रैकेट, एक्सल बॉक्स कवर, ड्रॉप्ड या हैंगिंग बफ़र आदि. |
| 2 | हॉट एक्सल | बेयरिंग की असामान्य ध्वनि या कार्यचालन, एक्सल बॉक्स बेयरिंग से धुआं निकलना. |
| 3 | टूटा हुआ भाग | प्राइमरी या सेकेंडरी कॉयल स्प्रिंग, ट्रस बार हैंगर |
| 4 | एयर प्रेशर लीकेज | एयर ब्रेक पाइप से हिस्सिंग साउंड |
| 5 | ब्रेक बाइंडिंग | असामान्य ध्वनि, पहियों पर खरोंच या फिसलन के निशान, पहियों से स्पार्कलिंग. |
| 6 | पहिया फिसलना | समतल स्थानों की असामान्य ध्वनि. |
| 7 | फुट बोर्ड बेंट | क्षतिग्रस्त / झुका हुआ फुट बोर्ड. |
| 8 | बफर ऊंचाई में भिन्नता | शून्य एक्सल बॉक्स क्लीयरेंस, लो या एक्ससिव बोल्स्टर क्लीयरेंस, बॉडी रेस्टिंग ऑन ट्रॉली (थंपिंग साउंड) |

रोलिंग-इन/रोलिंग-आउट के दौरान आईसीएफ डिज़ाइन कोच में निम्नलिखित मदों की जांच की जानी चाहिए:-

| **क्र.सं.** | **कॉम्पोनेंट** | **संदर्भ/अभ्युक्तियों के लिए तस्वीरें** |
|---|---|---|
| 1 | **हैंगिंग पार्ट**<br>इक्वलाइज़िंग स्टे रॉड<br>एक्सल बॉक्स कवर<br>जे ब्रैकेट<br>ट्रस बार<br>ट्रस बार हैंगर<br>ड्रॉप्ड बफ़र्स |  |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | हॉट एक्सल | <br>बेयरिंग की असामान्य ध्वनि या कार्यचालन, एक्सल बॉक्स बेयरिंग से धुआं निकलना |
| 3 | टूटा हुआ भाग | <br>प्राइमरी या सेकेंडरी कॉयल स्प्रिंग, ट्रस बार हैंगर |
| 4 | एयर प्रेशर लीकेज | <br>एयर ब्रेक होज़ कपलिंग असेंबली से हिस्सिंग साउंड या एयर लीकेज, फ्लेक्जिबल एयर होज़ |
| 5 | ब्रेक बाइंडिंग | <br>असामान्य ध्वनि, पहियों पर खरोंच या फिसलन के निशान, पहियों से स्पार्कलिंग. |
| 6 | पहिया फिसलना | <br>समतल स्थानों की असामान्य ध्वनि. |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | फुट बोर्ड बेंट |  |
| | | क्षतिग्रस्त / झुका हुआ फुट बोर्ड |
| 8 | बफर ऊंचाई में भिन्नता |  |
| | | शून्य एक्सल बॉक्स क्लीयरेंस, एक्ससिव बोल्स्टर क्लीयरेंस, बॉडी रेस्टिंग ऑन ट्रॉली (थंपिंग साउंड) |

***

संरक्षा संगठन        दक्षिण मध्य रेलवे